# आई टी एल पब्लिक स्कूल
## पुनरावृति अर्धवार्षिक कार्यपत्रिका (2026-27)
### विषय- हिंदी

| | |
|---|---|
| दिनांकः **2026** | कक्षाः चतुर्थ |
| समयः **2** घंटे | कुल अंक ः **50** |
| नामः | अनुक्रमांकः |

सामान्य निर्देश- **1**)इस कार्यपत्रिका में **3** पृष्ठ, **4** भाग और कुल **12** प्रश्न हैं।

**2**) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**3**) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | भाग क- पठन कौशल | **5** |
|---|---|---|
| प्रश्न **1** | नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br><br>**2** अक्तूबर **1957** का दिन था। नेहरु जी लालकिले पर एक कार्यक्रम देख रहे थे। अचानक एक स्थान पर शामियाने यानि टैंट में आग लग गई।चारों ओर शोर मच गया।लोग आग से बचने के लिए इधर- उधर भागने लगे।उसी समय एक बहादुर लड़के ने अपनी जान की परवाह किए बिना आस पास नज़र दौड़ाई तो एक चाकू नज़र आया।उसने चाकू से काटकर आग वाले शामियाने को अलग कर दिया और सैंकड़ों लोगों की जान बचाई। चौदह वर्ष के इस बालक का नाम हरीशचंद्र था उसकी बहादुरी से प्रभावित होकर नेहरु जी ने उसे पुरस्कार दिया व हर वर्ष बहादुर बच्चों को सम्मानित करने का निर्णय लिया। तभी से प्रतिवर्ष **14** नवंबर बाल दिवस पर भारत के **24** बहादुर बच्चों के नामों की घोषणा की जाती है तथा **26** जनवरी अर्थात गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में प्रधानमंत्री द्वारा पुरस्कार दिया जाता है। | |
| | (क) नेहरु जी कहाँ कार्यक्रम देख रहे थे?<br>अ) ताजमहल पर ब) शामियाने पर स) जयपुर में द) लालकिले पर | |
| | (ख) किस दिन भारत के **24** बहादुर बच्चों के नामों की घोषणा की जाती है?<br>अ) **4** नवंबर ब) **2** अक्तूबर स) **26** जनवरी द) **14** नवंबर | |
| | ग) गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में किसके द्वारा पुरस्कार दिया जाता है ?<br>अ) रक्षामंत्री ब) राष्ट्रपति स) प्रधानमंत्री द) हरीशचंद्र | |
| | घ) बालक कितने साल का था व उसका क्या नाम था ?<br>उत्तरः चौदह वर्ष के इस बालक का नाम हरीशचंद्र था | |
| | ङ) बालक ने सैंकड़ों लोगों की जान कैसे बचाई ?<br>उत्तरः उसने चाकू से काटकर आग वाले शामियाने को अलग कर दिया और सैंकड़ों लोगों की जान बचाई। | |

| | | |
|---|---|---|
| | भाग -ख भाषा कौशल | 20 |
| प्रश्न 2 | दिए गए शब्दों के वचन बदलिए।<br>(क) दवाइयाँ (ख)तिनका (ग)मूँछ (घ)स्त्री<br>(क) दवाई (ख)तिनके (ग)मूँछें (घ)स्त्रियाँ | |
| प्रश्न 3 | दिए गए चित्रों को देखकर तीन -तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>(क)   (ख) <br>मानव मनुष्य नर तट किनारा कूल | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रिया शब्द भरें।<br>(क) आसमान में पतंग ——उड़ाएँगे—— ।<br>(ख) माता जी गाना ——गाती हैं—————— ।<br>(ग) छत पर बच्चे ———नाच———— रहे थे ।<br>(घ) सुमन कक्षा तृतीय में ——पढ़ती—————— है।<br>(ङ) शेर ने ———दहाड़———— लगाई। | |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए।<br>(क) चींटी के छह पैर होते हैं। जातिवाचक संज्ञा<br>(ख) राम और मोहन ने साहस से काम किया। व्यक्तिवाचक संज्ञा , भाववाचक<br>(ग) पिताजी बोले- स्कूल बस समय पर आ रही है। जातिवाचक संज्ञा<br>(घ) मुझे ऊँचाई से डर लगता है। भाववाचक संज्ञा<br>(ङ) चाचाजी दुकान से मिठाई खरीद रहे थे। जातिवाचक संज्ञा जातिवाचक संज्ञा | |
| प्रश्न 6 | रिक्त स्थान में उचित संज्ञा शब्द भरें।<br>(क) मेरी ———सहेली———— मनाली घूमने गई है।<br>(ख) मैं वंदे भारत ——रेलगाड़ी———— से घूमने गया।<br>(ग) —————अध्यापक———— बोले- परीक्षा की तैयारी समय पर करनी चाहिए।<br>(घ) बेटे की ————————उदासी———— दादाजी देख नहीं सके। | |
| | भाग- ग साहित्य कौशल | 20 |
| प्रश्न 7 | कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>कैसा हो अपना आहार ,<br>आओ मिलकर करें विचार।<br>चावल, दाल और सब्ज़ी खाओ | |

| | | |
|---|---|---|
| | तन में चुस्ती फुर्ती लाओ।<br>केवल आलू तुम मत लाना<br>परवल, भिंडी, नेनुवा भी खाना।<br>क) इन पंक्तियों की कविता का नाम लिखिए।<br>उत्तरः इन पंक्तियों की कविता हमारा आहार है।<br>ख) दी गई पंक्तियों में किस बात पर विचार किया जा रहा है ?<br>उत्तरः दी गई पंक्तियों में हमारा आहार कैसा होना चाहिए इस बात पर विचार किया जा रहा है।<br>ग) तन में चुस्ती कैसे आएगी ?<br>उत्तरः चावल, दाल और सब्ज़ी खाने से तन में चुस्ती आएगी।<br>घ) पंक्तियों में से दो तुकबंदी शब्द ढूँढ़कर लिखिए।<br>उत्तरः खाओ लाओ | |
| प्रश्न 8 | रिक्त स्थान में उचित शब्द भरें।<br>(क) ——महाबली—— का राज्य पृथ्वी, स्वर्ग और पाताल तक फैला हुआ था।<br>(ख) ——केरल——राज्य का एक स्थान है आरन्मुला।<br>(ग) याचना शब्द का अर्थ ——प्रार्थना—— है ।<br>(घ) हमें ——भूख—— से अधिक खाने पर पछताना पड़ता है। | |
| प्रश्न 9 | वाक्य पढ़कर बताइए किसने, किससे कहा?<br>(क) "अरे, यह क्या गिरा?" खरगोश ने अपनेआप से कहा।<br>(ख) "ठहरो, कुछ बताओ तो।" हाथी ने सब जानवरों से कहा। | |
| प्रश्न 10 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों में दें।<br>(क) कहानी `आसमान गिरा` में कौन -कौन से पात्रों के नाम आए हैं?<br>शेर, खरगोश, लोमड़ी , हाथी और भालू ।<br>(ख) कौन खरगोश की बातों में नहीं आया और उसने क्या किया?<br>उत्तरः शेर खरगोश की बातों में नहीं आया और उसने दहाड़ते हुए सब जानवरों को रोक कर उनके भागने का कारण पूछा।<br>(ग) "खूब करो पानी का व्यवहार, इसकी महिमा अपरंपार।" इस पंक्ति के माध्यम से क्या संदेश दिया गया है? | |

| | | |
|---|---|---|
| | इस पंक्ति के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि हमें खूब पानी पीना चाहिए ताकि हमारा भोजन सही से पच जाए और हमारे शरीर में पानी की कमी न हो। | |
| प्रश्न11 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों में दें।<br>(क) हमारे त्योहारों की कौन-सी बातें ओणम से मिलती जुलती हैं?<br>उत्तरः हमारे त्योहारों और ओणम में यह समानता है कि सभी त्योहारों पर लोग अपने घरों को सजाते हैं, अच्छे-अच्छे पकवान बनाते हैं और परिवार के साथ खुशियाँ मनाते हैं।<br>(ख) ओणम का त्योहार कब मनाया जाता है? यह किस पौराणिक कथा पर आधारित है?<br>उत्तरः ओणम का त्योहार श्रावण महीने में श्रावण नक्षत्र के दिन मनाया जाता है। ओणम का त्योहार राजा महाबली और भगवान विष्णु के वामन अवतार की पौराणिक कथा पर आधारित है। | |
| | भाग- घ लेखन कौशल | |
| प्रश्न12 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर **10-12** पंक्तियों में अनुच्छेद लिखें।<br>मेरा विद्यालय<br>या<br>वर्षा ऋतु<br>छात्र अपनी रचनात्मकता से स्वयं लिखेंगे। | **5** |